वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 153 | शनिवार 30 सितम्बर 2023 | दैनिक ई-पेपर

"क्षमावाणी के इस पावन पर्व पर दे दीजिए हमें क्षमा का दान"

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## फिट बॉडी एंड सॉल की ओर से हुआ स्पेशल सेशन

### मेम्बर्स को ट्रेंड में रहने के सिखाए गए गुर, फेस्टिवल में बिजनेस को बढ़ाने में मिलेगा फायदा



**जयपुर. कासं।** फिट बॉडी एंड सोल वीमन फोरम की ओर से मेम्बर्स के लिए स्पेशल सेशन का आयोजन किया गया। वीमन नेटवर्किंग फोरम ने अपने मेंबर्स को ट्रेंड्स में रहने के लिए रील बनाने का एक्सपर्ट सेशन कराया। फाउंडर मेघा गुप्ता ने बताया कि आज के प्रजेंटेशन के दौर में जहां प्रोडक्ट से ज्यादा उसकी पैकेजिंग बिक रही है, वही फेस्टिव सीजन को देख कर एंटरप्रेन्योर और हाउस वाइव्स के लिए स्पेशल सेशन मालविया नगर स्थित ओहाना में आयोजित कराया गया। सोशल मीडिया की मशहूर इंफ्लून्यूंसर दीया अजमेरा ने मेंबर्स को नई टेक्नीक के साथ रिल्स बनाना सिखाया। जयपुर में ऐसा पहली बार हुआ की प्रैक्टिकल रिल्स बनवाई गई। आज के टाइम पर जहां घर बैठे बैठे भी लोग सोशल मीडिया रील्स बना रहे है ।इनके लिए एक बहुत अच्छी अपॉच्यूनिटी थी। रश्मि कोटावाला ने बताया की ये सेशन सभी महिलाओं के लिए बहुत ही इंपोर्टेंट था, चाहे वो होम मेकर हो या कामकाजी हो ।प्राची खंडेलवाल, डॉ ऋचा शर्मा ने कहा कि छोटे उद्यमी जहां अपना काम खुद करते है, वही घर पर महिलाएं अपने फैमिली के साथ रिल्स भी बनाती है।होस्ट विथ द मोस्ट की सुरभि वर्मा ने रिल्स बनाने के लिए बहुत ही सुंदर बैकड्रॉप बनाया ।

### कॉलेज की नई बिल्डिंग का लोकार्पण

## मंत्री महेश जोशी बोले- अगर जनता फिर से अवसर देती है तो कॉलेज को बनाएंगे इंग्लिश मीडियम



**जयपुर. कासं**

जयपुर के ब्रह्मपुरी स्थित गवर्नमेंट कॉलेज की नई बिल्डिंग का कैबिनेट मंत्री महेश जोशी ने लोकार्पण किया। कॉलेज की प्राचार्य प्रो. सुमन भाटिया, प्रो. रजनी मीणा और प्रो. नीलम शर्मा ने मंत्री का स्वागत किया।

इस दौरान हवामहल विधानसभा क्षेत्र की मुख्य सड़कों पर स्मार्ट डेकोरेटिव पोल लगाने की परियोजना का शुभारंभ और पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय की विस्तार परियोजना का भी लोकार्पण किया गया। मंत्री ने कॉलेज के प्रगति की सराहना की। विद्यार्थी और शिक्षकों से महाविद्यालय को नवीन ऊंचाई तक ले जाने का भी आह्वान किया। मंत्री बोलें- अगर जनता उन्हें फिर से अवसर देती है तो इस महाविद्यालय को अंग्रेजी मीडियम की सौगात दी जाएगी। इस दौरान उप महापौर असलम फारूकी ने हवामहल विधानसभा क्षेत्र में सरकार की ओर से शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में पिछले 05 सालों में किए कार्यों की जानकारी दी। इस मौके पर गणमान्य नागरिक नौशाद ने महाविद्यालय को 1 लाख रूपए देने की घोषणा की। कार्यक्रम संचालन महाविद्यालय के व्याख्याता डॉ. जितेन्द्र लोढ़ा ने किया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों और पूर्व छात्रसंघ पदाधिकारी अजय महावर, शबाना बानो आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। इस अवसर पर समस्त संकाय सदस्य मौजूद रहे।

## तीन दिवसीय 'जीतो कनेक्ट-2023' की छह अक्टूबर से होगी शुरूआत


### सीतापुरा जेईसीसी में होगा आयोजन, देशभर के बिजनेस एक्सपर्ट करेंगे शिरकत

**जयपुर. कासं**

तीन दिवसीय जीतो कनेक्ट 2023 की मेजबानी इस साल गुलाबी नगरी करने जा रहा है। इंटरेक्टिव सेशन, 700 बुथ्स के साथ एक्सक्लूजव ग्रैंड बाजार और शानदार सेशंस के साथ जीतो जयपुर इसकी मेजबानी कर रहा है। ये कार्यक्रम ओपन फॉर ऑल रहेगा, जहां शहर का युवा इन सभी सेशंस से बिजनेस और स्टार्टअप मॉड्यूल को खास समझ सकेगा। 6, 7 और 8 अक्टूबर को सीतापुरा स्थित जेईसीसी में होने वाले कार्यक्रम के



लिए होटल मैरियट में गेट-टुगेदर और सोशलाइजिंग सेशन का आयोजन किया गया। जिसके चलते कार्यक्रम से जुडी तैयारियां साझा की गई। साथ ही तीन दिन चलने वाले खास सेशंस और स्पीकर्स से भी पर्दा उठाया गया। इस दौरान जीतो जयपुर चैप्टर के चेयरपर्सन नितिन जैन, जीतो कनेक्ट 2023 कन्वीनर विमल सिंघवी, को-कन्वीनर सलोनी जैन, जीतो कनेक्ट स्पीकर कमिटी कन्वीनर संदीप जैन, राज गोलेछा और सुनील जैन ने तीन दिन की तैयारियों का जायजा दिया। कार्यक्रम में सबसे खास सेशन होंगे, जहां देश के सबसे नामी और जाने-माने उद्यमी, इन्फ्लुएंसर और सेलिब्रिटी यहां लोगों से रूबरू होंगे। इस बारे में जीतो कनेक्ट स्पीकर कमिटी कन्वीनर संदीप जैन में बताया कि लाइव इंटरएक्टिव सेशंस में देश के जाने-माने बिजनेस ओनर्स और टायकून्स जैसे पतंजलि आयुर्वेदा के फाउंडर स्वामी रामदेव, जी बिजनेस के मैनेजिंग एडिटर अनिल सिंघवी सहित 50 स्पीकर्स ऑडियंस को विभिन्न विषयों पर सम्बोधित करेंगे।


संत शिरोमणि दिगम्बराचार्य
श्री 108 विद्यासागर जी महाराज
निर्यापक श्रमण
मुनिपुंगव श्री 108
सुधासागरजी
महाराज
परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज
41 वाँ दीक्षा दिवस
आगरा
रविवार, दिनांक 1 अक्टूबर, 2023
दोपहर 12.15 बजे से
आओ करें गुरु वन्दना
चले जयपुर से आगरा
स्पेशल डिलक्स एसी बसों द्वारा जयपुर की विभिन्न शहर एवं कॉलोनियों से
दिनांक 1 अक्टूबर, 2023
प्रातः 5.00 बजे – जयपुर से प्रस्थान
सायं 7.30 बजे – आगरा से वापसी
सहयोग राशि : 200/- प्रति सवारी
बस पुण्यार्जक..
• श्री नन्दकिशोर जी महावीरजी प्रमोद जी पहाड़िया
• श्री उत्तम जी पाटनी
• श्री सम्पत जी संजय जी अजय जी पाण्ड्या (श्री जैन रोड़वेज)
• श्री अजय जी विजय जी संजय जी कटारिया
• श्री जम्बू कुमार जी दर्शन जी नवीन जी जैन बस्सीवाले
• श्री शैलेन्द्र जी गोधा (समाचार जगत)
• श्री मोहित जी राणा
संयोजक... • श्री प्रदीप जी लुहाड़िया
• श्री विनोद जी छाबड़ा 'मोनू'
निवेदक :
सकल दिगम्बर जैन समाज
जयपुर
: सीट बुकिंग हेतु सम्पर्क करें :
महावीर जैन (महावीर यात्रा कम्पनी)
94147-81315 / 98299-99436
अन्तिम तिथि : दिनांक 29 सितम्बर, 2023
जे.के.जैन (केवल मानसरोवर हेतु) 94140-42294

# एस के फाइनेंस वर्ल्ड हेल्थ एंड वेलनेस फेस्ट का शेड्यूल लांच

## 7-8 अक्टूबर को जवाहर कला केंद्र में हेल्थ और वेलनेस के सितारों का जमावड़ा


जयपुर. शाबाश इंडिया। एस के फाइनेंस और संस्कृति युवा संस्था द्वारा आयोजित भारत के एकमात्र एस के फाइनेंस वर्ल्ड हेल्थ एंड वेलनेस फेस्ट का तीसरा संस्करण 7-8 अक्टूबर को जवाहर कला केंद्र में होगा जहाँ हेल्थ और वेलनेस से जुड़े सितारों का जमावड़ा होगा । फेस्ट के सह-संस्थापक मुकेश मिश्रा और नरिशंत शर्मा ने बताया कि फेस्ट की लांच सेरेमनी का आयोजन होटल डिग्गी पैलेस में बॉलीवुड सिंगर रविन्द्र उपाध्याय और फ्यूजन ग्रुप की लाइव परफॉरमेंस के साथ हुआ। लांच सेरेमनी में एस के फाइनेंस के सीओओ समीर अरोरा ,और सीएफओ अतुल अरोरा ,आर यू एच एस के



कुलपति डॉ. सुधीर भंडारी , अध्यक्ष, संस्कृति युवा संस्था पंडित सुरेश मिश्रा, बॉलीवुड सिंगर रविन्द्र उपाध्याय ,जयपुरिया इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के डायरेक्टर डॉ प्रभात पंकज, योगगुरु ढाकाराम , प्राइवेट हॉस्पिटल्स और नर्सिंग होम सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. विजय कपूर, फोर्टिस हॉस्पिटल के निदेशक नीरव बंसल, सुधीर जैन गोधा, डॉ. संदीप जैन, गोविंद पारीक, रुचिरा सोलंकी , बी एस रावत, प्रमिला संजय ,भारती सिंह चौहान और मिनी नरिशंत शर्मा ने फेस्ट के शेड्यूल को लांच किया। आयोजन समिति के चेयरमेन, अमित अग्रवाल और संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने बताया कि एस के फाइनेंस वर्ल्ड हेल्थ एंड वेलनेस फेस्ट में हेल्थ एंड वेलनेस के अलग अलग आयामों से जुड़े 100 से अधिक एक्सपर्ट विभिन्न सेशंस के जरिये अपनी बात रखेंगे। आम लोगों के लिये फेस्ट में प्रवेश पूर्णतया निःशुल्क है लेकिन फेस्ट की वेबसाइट पर पहले पंजीकरण करवाना आवश्यक है। इस दो दिवसीय फेस्ट में ख्यातनाम वक्ताओं और पैनलिस्टों के साथ, भांगड़ा जुम्बा का एक वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम करने की कोशिश के साथ ओशो डायनेमिक मैडिटेशन, मोर्निंग रागा, ओपन माइक, वर्कशॉपस के साथ हेल्थ और लाइफस्टाइल से जुडी स्टाल्स और फूड स्टाल्स भी इस बार खास होंगी।













## वेद ज्ञान

### उमंग का स्रोत

उमंग का स्रोत हमारी सभ्यता में हर जरूरी जानकारी को गद्य या पद्य रूप में याद रखने की परंपरा रही और यहीं से लोकभाषा, लोक-संगीत का जन्म हुआ। उमंग का स्रोत अवचेतन हृदय होता है। असली संपदा तो हृदय की सद्भावनाएं, संवेदनाएं और उनसे जन्मी कलाएं ही हैं। संगीत जीवन को उमंग से भरने वाली ऐसी ही कला है। मनुष्य की उत्पत्ति कब हुई इस संदर्भ में विभिन्न प्रकार के विचार है, लेकिन लिखित भाषा का इतिहास सिर्फ पांच हजार वर्ष पुराना है। इसलिए हमारी सभ्यता में हर जरूरी जानकारी को गद्य या पद्य रूप में याद रखने और उसे पीढ़ी-दर-पीढ़ी हस्तांतरित करने की परंपरा रही और यहीं से लोकभाषा, लोक-संगीत और लोककथाओं का जन्म हुआ। पुराने ग्रंथ गीत रूप में हैं, उन्हें श्रुति और स्मृति कहा जाता है, क्योंकि उन्हें सुनकर और याद रखकर ही संरक्षित रखा गया था। वेद और उपनिषद पद्य में ही हैं। मस्तिष्क में गद्य और पद्य की स्मृतियां अलग-अलग जगहों पर संग्रहित होती हैं। गीत हृदय की गहन भावनाओं से जुड़े होते हैं। बुद्ध और महावीर को उपदेश देने के लिए पहली बार गद्य भाषा का उपयोग करना पड़ा। ऐसा इसलिए, क्योंकि उस युग तक मनुष्य का मस्तिष्क काफी सक्रिय हो चुका था। तार्किक शैली में कही बात ही बुद्धिमान लोगों को हजम होती थी। छोटे बच्चों को समझाने के लिए रंगीन चित्र, कविताएं और कथाएं ज्यादा उपयोगी होती हैं। ऐसा भी नहीं कि उम्र बढ़ने पर हमारा मस्तिष्क एकदम प्रौढ़ हो जाता है। एक छोटा-सा हिस्सा तर्क से प्रभावित होता है, किंतु बड़ा हिस्सा प्रेम से ही संचालित रहता है। बड़े-बड़े गणितज्ञों और वैज्ञानिकों के जीवन में भी भावनाओं की ही प्रधानता रहती है। दफ्तर या प्रयोगशाला में अवश्य वे अपने दिमाग का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन उनके शेष जीवन पर दिल का ही वर्चस्व रहता है। इसलिए विख्यात वैज्ञानिकों की जीवनी पढ़कर हैरानी होती है कि उनमें सामान्य जन से कितनी अधिक भावप्रवणता, दयालुता, स्नेह और करुणा रही है। संगीत, कला, सौंदर्य, काव्य आदि में उनकी विशेष रुचि रही है। विज्ञान से उनका लगाव भी उनके प्रेमपूर्ण हृदय की संवेदनशीलता का ही फैलाव है। इसलिए हमें भावातीत नहीं, मनातीत होना है। भावों का नहीं, अपने विचारों का अतिक्रमण करना है।

## संपादकीय

# राजनीतिक हल की जगह बल प्रयोग पर भरोसा

मणिपुर में सशस्त्रबल विशेषाधिकार कानून यानी अफस्पा को अगले छह महीने के लिए बढ़ाए जाने के फैसले से एक बार फिर स्पष्ट हुआ है कि सरकार वहां व्याप्त हिंसा का राजनीतिक हल निकालने के बजाय बल प्रयोग पर ज्यादा भरोसा कर रही है। मणिपुर के मैतेई बहुल उन्नीस जिलों को छोड़ कर सभी पहाड़ी इलाकों में अफस्पा का अवधि विस्तार कर दिया गया है। इसके पीछे तर्क है कि वहां सक्रिय आतंकी समूहों के विरोध प्रदर्शनों आदि में घुस कर अशांति फैलाने का खतरा बढ़ गया है। पिछले दिनों सशस्त्र बलों ने यह भी कहा था कि वहां के आतंकी समूह सशस्त्रबलों की वर्दी और वाहनों जैसे वाहन तैयार कर रहे हैं। कई हिंसक मामलों में चरमपंथियों के शामिल होने के पुख्ता सबूत भी हाथ लग चुके हैं। ऐसे में एहतियात के तौर पर अफस्पा को विस्तार दिया गया है। इस तरह सेना किसी को भी शक के आधार पर गिरफ्तार कर सकती है, किसी भी घर की तलाशी ले सकती और चेतावनी देकर गोली



मार सकती है। माना जा रहा है कि इस सख्ती का दहशतगर्दों पर असर होगा और हिंसा की घटनाओं में कमी आएगी। मगर वहां के नागरिक समाज पर इसका कैसा प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, शायद इसका आकलन नहीं किया गया है। कुछ महीने पहले तक केंद्र सरकार पूर्वोत्तर राज्यों में लागू अफस्पा को चरणबद्ध तरीके से हटाने के पक्ष में थी। कुछ मौकों पर इसका श्रेय भी लेने का प्रयास किया गया। मगर अब जब मणिपुर में इसकी अवधि बढ़ाने का फैसला किया गया है, तो स्वाभाविक रूप से केंद्र और राज्य सरकार के इरादे पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं। दरअसल, इस कानून के लागू रहने से नागरिक समाज को हमेशा एक भय में जीवन गुजारना पड़ता है। कश्मीर में अफस्पा की वजह से मानवाधिकार उल्लंघन के अनेक गंभीर आरोप सामने आए थे। मणिपुर में भी सशस्त्रबलों की कार्रवाइयों को लेकर लगातार सवाल उठते रहे हैं। इसलिए जहां भी अफस्पा लागू है, वहां के नागरिक इसे हटाने की मांग करते रहे हैं। इसे हटाने को लेकर इरोम चानू शर्मिला लंबे समय तक धरने पर बैठी रहीं। वहां की महिलाओं ने निर्वस्त्र होकर प्रदर्शन किया था। इसलिए जब केंद्र में भाजपा की अगुआई वाली राजग की सरकार आई तो उसने चरणबद्ध तरीके से अफस्पा हटाने की घोषणा की। पूर्वोत्तर के कई हिस्सों से इसे हटाया भी गया। मगर मणिपुर के मामले में वर्तमान स्थितियों के मद्देनजर कदम वापस खींचने पड़े हैं। मणिपुर का मामला राजनीतिक है। अगर वहां की सरकार ने गंभीरता दिखाई होती और केंद्र ने उसे अपेक्षित सहयोग दिया और लगातार उस पर दबाव बनाए रखा होता तो इसका समाधान पहले ही हो गया होता। मगर इस घटनाक्रम में राज्य सरकार का पक्षपातपूर्ण रवैया दिखता रहा। केंद्र ने भी अपेक्षित कदम नहीं उठाए। इसका नतीजा यह हुआ कि मैतेई और कुकी समुदाय एक-दूसरे के खून के प्यासे बने हुए हैं। सर्वोच्च न्यायालय को इस मामले में स्वतः संज्ञान लेकर निगरानी समिति गठित करनी पड़ी। उसके बावजूद वहां रह-रह कर हिंसा भड़क उठती है। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# शर्मनाक!

उज्जैन में नाबालिग बच्ची से बलात्कार और खून से लथपथ हालत में उसके सड़कों पर भटकने की झकझोर देने वाली घटना ने निर्भया मामले की याद ताजा कर दी। ऐसा लगता है कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिहाज से आज भी कुछ नहीं बदला है। बारह साल की बच्ची के साथ बलात्कार कर उसे अर्धनग्न अवस्था में सड़क पर छोड़ दिया गया। वह अपने तन को ढंकने की कोशिश करती हुई मदद के लिए रात के अंधेरे में आठ किलोमीटर तक उज्जैन के गली-मोहल्लों में भटकती रही। आखिरकार खून ज्यादा बह जाने के कारण बेहोश होकर गिर गई। उसके आंतरिक अंगों को गहरी चोट पहुंचाई गई थी। डाक्टरों ने इलाज कर उसे बचा तो लिया है, लेकिन अभी उसकी हालत स्थिर है। यह घटना उस मासूम के साथ हुई है, जो उस शहर की भाषा भी नहीं समझती, अपना दर्द किसी से साझा नहीं कर सकती। पीड़ित बच्ची दूसरे राज्य की बताई जा रही है। वह यहां कैसे पहुंची, यह भी जांच का विषय है। कहीं मामला बाल तस्करी या बच्चा चोरी से जुड़ा तो नहीं है। सरकार ने इसके लिए विशेष जांच दल बना दिया है। घटना सोमवार तड़के तीन से पांच बजे के बीच की है। दो तिपहिया वाहनों में उसके साथ ज्यादती होने के सबूत मिले हैं। पुलिस ने तीन तिपहिया चालकों को हिरासत में लिया है। उम्मीद है कि आगे की कार्रवाई होगी और दोषी कानून के शिकंजे में कसे जा सकेंगे। मगर क्या उन सवालों के जवाब मिल पाएंगे, जो निर्भया कांड के समय उभरे थे और फिर बड़े-बड़े वादों की चादर में ढक दिए गए थे। उस समय ऐसा लग रहा था कि समाज के मुंह पर कालिख पोतने वाली यह आखिरी घटना होगी, लेकिन उसके बाद दिल्ली, कठुआ, पटना समेत कई जगहों पर बच्चियों के साथ सिहरा देने वाली घटनाएं हुईं। सिलसिला बदस्तूर जारी है। समाज में यह प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। आंकड़े डराने वाले हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की रपट के मुताबिक कई कड़े कानून बनने के बावजूद पिछले दस वर्षों में महिलाओं के साथ अपराधों में सतासी फीसद की वृद्धि हुई है। निर्भया कांड के बाद दुष्कर्म की घटनाएं रोकने के लिए पाक्सो कानून बना। नाबालिगों के संरक्षण का यह सबसे बड़ा हथियार है। भारतीय दंड संहिता की धारा 181 और 182 में बदलाव हुआ और किशोर न्याय विधेयक पास किया गया। इसके तहत सोलह साल या उससे अधिक उम्र के किशोर को जघन्य अपराध करने पर वयस्क मानकर मुकदमा चलेगा। बलात्कार से जुड़े नियम कड़े किए गए और दुष्कर्म के दोषी के लिए फांसी की सजा जोड़ी गई। महिलाओं, विशेषकर बच्चियों के साथ बढ़ते अपराध से ऐसा लगता है कि ये सारे इंतजाम तब तक नाकाफी और बेमानी हैं, जब तक समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना जागृत नहीं होगी, लोगों में कानून का खौफ पैदा नहीं होगा तथा समाज में नैतिकता और जिम्मेदारी का पक्ष मजबूत नहीं होगा। सरकार को इस तरफ गंभीरता से विचार करना होगा कि महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा के मामले में भारत अब भी विश्व के सबसे खतरनाक देशों की सूची में क्यों है। यहां हर बीस मिनट में एक महिला बलात्कार की शिकार क्यों हो रही है। हैरानी की बात है कि इतनी देर तक पीड़ित बच्ची गली-मुहल्लों की सड़कों पर घूमती रही और उसकी मदद के लिए पुलिस कैसे नहीं आई। जब तक पुलिस नींद से नहीं जागेगी, अपराधी इसी तरह बच्चियों के साथ बेखौफ बर्बरता करते रहेंगे।

# आदिनाथ मित्र मंडल ने किया दस लक्षण विधान

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

आदिनाथ मित्र मंडल द्वारा दस लक्षण महापर्व के अंतर्गत अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर दस लक्षण विधान पूजन का आयोजन किया गया । अध्यक्ष सुनील जैन व मंत्री राजेंद्र बाकलीवाल ने बताया कि इस अवसर पर संरक्षक राकेश गोदिका, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विमल जैन, उपाध्यक्ष साकेत जैन, सयुक्त सचिव अशोक सेठी, अनिल डोड्या, कोषाध्यक्ष मुकेश जैन कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र जैन आदि सदस्य उपस्थित रहे।















# वार्षिक कलशाभिषेक एवं वृद्धजनों का सम्मान समारोह संपन्न

प्रकाश पाटनी. शाबाश इंडिया




भीलवाडा। श्री बाहुबली जैन वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में अग्रवाल उत्सव भवन में श्रुत संवेगी मुनि श्री आदित्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में अग्रवाल उत्सव भवन पर सकल दिगंबर जैन समाज का वार्षिक कलशाभिषेक एवं वृद्धजनों का सम्मान समारोह संपन्न हुआ। मुनि श्री आदित्य सागर जी महाराज ने धर्म देशना में कहा कि वीतरागता प्रभु के प्रति अटूट श्रद्धा भक्ति भाव को जीवन में धारण करने का परिवर्तन करें। तभी पर्युषण पर की सार्थकता है। उन्होंने कहा कि अभिषेक करते समय यह भाव हो कि हम भी परमात्मा के मार्ग की ओर चल पड़े। एवं भगवान वह हमारे बीच की दूरियां समाप्त हो। इसलिए अभिषेक करने का लाभ मिलता है। मुनिश्री ने कहा कि आज यहां वृद्धजनों का सम्मान किया जा रहा है। वह गौरव की बात है। वृद्धजनों का समाज को आशीर्वाद मार्गदर्शन मिलता रहे। वृद्धजन धैर्य- धीरज को धारण कर अपने जीवन को सार्थक करना चाहिए। वृद्धजनों के साथ सकारात्मक रहे। बुढ़ापे में व्यक्ति को भावात्मक सहारे की जरूरत होती है। मुनि श्री ने कहा कि अभिषेक करने के बाद अपने भावों की विशुद्ध करें। एक दिन हम भी परमात्मा बने। आज भगवान भ्रमण करते हुए मंच पर विराजमान हुए। इससे दूर-दूर तक मिथ्यातम को दूर करेगा। हमारे भीतर परमात्मा को प्रकट कर देगा। शुरूआत में शहर के मंदिर के पदाधिकारी एवं सोसाइटी के सदस्यों ने दीप प्रज्वलन किया एवं मुनिश्री ससंघ का पाद प्रक्षालन कर शास्त्र भेंट किऐ। बाहुबली महिला मंडल द्वारा मंगलाचरण किया गया। इस उपरांत 85 वर्ष व उससेअधिक उम्र के श्रावक वृद्धजनों का माल्यार्पण कर, शाल उड़ाकर, प्रशस्ति पत्र देकर भाव-भिना सम्मान किया गया। इस उपरांत मुनिश्री अप्रमित सागर महाराज ने अभिषेक एवं शांतिधारा पाठ का उच्चारण द्वाराकर श्रावकों ने अभिषेक कर शांतिधारा की गई। सभी ने गांदोधक लेकर धन्य हुए। बैंड बाजो के साथ श्रीजी रथ मे विराजमान होकर मुख्य मार्गो से होते हुए पंडाल में बने मंच पर पाडुक शीला पर विराजमान किया गया। पूरा पंडाल श्रद्धालुओं से भरा हुआ था। संजय कासलीवाल के निर्देशन में पूजा-अर्चना की गई। सोसाइटी के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार छाबड़ा एवं सचिव राजकुमार चौधरी ने सभी का आभार व्यक्त किया। समारोह का संचालन पदमचंद काला ने किया। इस अवसर पर हीराचंद चांदीवाल, वीरेंद्र कुमार छाबड़ा, अशोक कुमार जैन, राजेंद्र सेठी, लक्ष्मीकांत जैन,अशोक कुमार छाबड़ा, निर्मल जैन, प्रदीप चौधरी आदि वृद्धजनों का सम्मान किया। इस अवसर पर भारी तादात में पुरुष, महिलाऐ, युवक उपस्थिति रहे।




जाने में अनजाने में,
मन के वचन सुनाने में
अगर टूटा हो आपका मन
तो क्षमावाणी के इस पर्व पर
दे दीजिये हमें क्षमा का दान



Umrao Mal Sanghi
President
Shri Mahaveer Digamber Jain
Shiksha Parishad
Jaipur

Naveen Sanghi
Director
Jain Saraogi Cold Storage
Jaipur



क्षमा याचना
भुल होना प्रकृति है
मान लेना संस्कृति है
इसलिये की गई
गलती के लिये
हमें क्षमा करे
उत्तम क्षमा
SPECTA
QUARTZ SURFACES
Imagination cast in stone
Looking for the whitest or blackest stone surfaces?
Meet the undisputed kings - SPECTA Quartz.
Crafted with patented technology from
breton
S.p.A., Italy.
Truly, it's imagination cast in stone
Numerous colours & designs
Sturdier and safer than natural stones
Easy to care and clean
Impervious to stains and scratches
Stays safe, sanitary and bacteria-free
At Specta Quartz, we have checkmated our rivals when it comes to the blackest and whitest quartz surfaces, thanks to our insistence on the purest of raw materials and additives, and stringent quality control at every stage of production. Besides, we have an ever-growing range of fascinating colors and designs that are sure to dazzle any space. Go ahead, conquer the game with Specta Quartz.
Explore our range of exciting colours & designs
www.spectasurfaces.com
A unit of ARL Infratech Ltd.
Write to us at info@spectasurfaces.com | Call us on 0141 - 6706777 | Follow us on:

# अनंत चतुर्दशी पर हुआ कलशाभिषेक व महाआरती, थाल सजाओ प्रतियोगिता का भी आयोजन



**सीकरी. शाबाश इंडिया।** जैन मंदिर में दशलक्षण पर्व के अंतिम दिन उत्तम ब्रहाचर्य धर्म व अनंत चतुर्दशी पर्व मनाया गया। समाज के मीडिया प्रभारी पुष्पेन्द्र जैन ने बताया कि अनंत चतुर्दशी का जैन धर्म में विशेष महत्व है इस दिन ज्यादातर जैन अनुयायी निर्जल उपवास रखते हैं और अपना अधिकतर समय पूजा-अर्चना व त्याग-तपस्या को देते हैं। उन्होंने बताया कि सीकरी जैन मंदिर में गुरुवार प्रातः बड़े धूमधाम से उत्तम ब्रहाचर्य धर्म की पूजन हुई व शांतिधारा करने का सौभाग्य संजय कुमार राजेन्द्र जैन परिवार ने प्राप्त किया। जिसके बाद दोपहर को चौबीसों भगवानों की पूजा की गई और सायं काल में जिनेन्द्र प्रभु का कलशाभिषेक व महाआरती का आयोजन हुआ। इस अवसर पर अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा परिषद् द्वारा आरती थाल सजाओ प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें समाज के ज्यादातर घरों से आरती थाल सजकर आएं जिनसे मंदिर में महाआरती की गई। प्रतियोगिता में निकिता जैन ने प्रथम, तनु जैन ने द्वितीय व सेजल जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा बुधवार रात्रि में श्री विद्यासागर पाठशाला के छोटे छोटे बच्चों द्वारा बहुत सुंदर नृत्य व नाटिका प्रस्तुत की गई।







# दिल का मामला है!

## इससे पहले कि अटैक आए... श्वास योगा से संभल जाएं!



हृदय-रोग के बढ़ते प्रकोप का मुख्य कारण वह तनाव है जिसे हम भीतर ही समेटते रहे, बाहर नहीं निकाल पाए। दरअसल दिल का मामला एक लाइफस्टाइल से जुड़ा मुद्दा है और इसका समाधान भी लाइफस्टाइल को सही करने से ही संभव है। पहला नियम है कि आप सदा ध्यान रक्खें कि किसी भी अवस्था में आपकी पीठ सीधी रहे। खास कर कम्प्यूटर पर कार्य करते समय अथवा टीवी देखते समय। इसके लिए योग की कुछ आसान क्रियाएँ बहुत प्रभावी है। केवल दो मिनिट भी यदि हम भृकुटि के मध्य बिंदु पर केन्द्रित करते हुए श्वास संचालन पर नियंत्रण कर सकें तो आसानी से अपने stress को घटा सकते हैं। इस विधि का उल्लेख गीता में भी किया गया है और यह आधुनिक जीव विज्ञान द्वारा भी प्रमाणित है। हृदय के कोरोनरी फ्लो को इससे बहुत सहायता मिलती है। हृदय की मांसपेशियों की oxygen ग्रहण करने की क्षमता बढ़ती है और उनके आसपास लिपटे सेंसिटिव नर्व फाइबर्स के जाल की तरंगें भी रिलेक्स हो जाती हैं। कितना सरल है ना ....यदि संभव हो तो इसकी अवधि बढ़ा दीजिए! ए हैपी हर्ट इज ए हैल्दी हर्ट!



**-डॉक्टर नीलम वर्मा**
**(हृदय रोग विशेषज्ञ)**

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# राघोगढ़ में धूमधाम से विमान निकाले जाएंगे





## दस लक्षण पर्व का समापन विशाल जुलूस से हुआ

**राघौगढ़. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन समाज राघौगढ़ द्वारा 30 सितंबर को धूमधाम भक्ति भाव से भगवान को विमान में विराजमान कर नगर में सुबह 10 बजे से शोभायात्रा निकलेगी। दस लक्षण पर्व के अंतिम दिन जैन समाज द्वारा राघौगढ़ नगर में गत दिवस विशाल जुलूस निकाला। गत रात्रि आचार्य विद्यासागर भवन में आयोजित कार्यक्रम में नगर के सुप्रसिद्ध समाज सेवी भारतीय जैन मिलन के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय कुमार जैन का सम्मान जैन समाज के अध्यक्ष अजय कुमार रावत,वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक भारिल्य ने माला पहना कर एवं श्री फल भेंटकर किया। जैन समाज के संरक्षक पवन कुमार जैन ने इस अवसर पर उल्लेख किया, हाल ही में विजय कुमार जैन द्वारा लिखित पुस्तक ‟मेरे शब्द मेरे विचार‟ का विमोचन हुआ है। इनके द्वारा पुस्तक लिखने से संपूर्ण जैन समाज गौरवान्वित हुआ है।पूजन शिरोमणि प्रतियोगिता का आयोजन हुआ इस प्रतियोगिता के विजेता पवन कुमार जैन एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुशीमा जैन को पूजन शिरोमणि घोषित कर सम्मानित किया गया।इसी प्रकार विद्यासागर सेवा संघ द्वारा तंबोला प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। दस लक्षण पर्व के समापन दिवस पर प्रातः भगवान वासपूज्य स्वामी का निर्माण दिवस मनाया गया। जैन मिलन राघौगढ़ द्वारा निर्वाण लाडू सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार जैन मिलन शाखा राघौगढ़ द्वारा प्रदान किए गए। दस लक्षण पर्व के समापन पर मंदिर जी में अपरान्ह भगवान का अभिषेक शांति धारा हुई। दिल्ली के पधारी शिविका दीदी ने संपूर्ण जैन समाज से वार्षिक प्रतिक्रमण कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विमान जी की शोभायात्रा श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए संत सुधा सागर धाम पहुंचेगी जहां पर भगवान का अभिषेक शांति धारा होगी। बबीना उत्तर प्रदेश से पधारी ब्रह्मचारिणी बहन सरिता दीदी एवं दिल्ली से पधारी ब्रह्मचारिणी बहन शिविका दीदी के मंगल प्रवचन होंगे। तत्पश्चात शाम 4:00 बजे विमानजी में श्री जी को विराजमान कर पुनः शोभा यात्रा प्रारंभ होगी। शोभा यात्रा श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर पर पहुंचकर भगवान को मंदिर की में विराजमान किए जाएंगे। नगर वासी विमान जी में विराजमान भगवान की भक्ति भाव से तत्पश्चात आचार्य विद्यासागर भवन में सामूहिक भोज होगा। रात्रि 8:00 बजे सामुहिक आरती एवं भक्ति का कार्यक्रम भी आयोजित किया है। जैन विमानोत्सव में गुना रुठियाई, धरनावदा, एनएफएल विजयपुर, कुंभराज, बीनागंज, जामनेर, लटेरी, सिरोंज, आरोंन आदि के जैन धमार्लंबी उत्साह से भाग लेते हैं।


जाने में अनजाने में, मन के वचन सुनाने में
अगर टूटा हो आपका मन तो
क्षमावाणी के इस पर्व पर दे दीजिये हमें क्षमा का दान

जैन सोश्यल ग्रुप राजधानी, जयपुर (2023-25)


प्रकाश-लीला अजमेरा, चितावा
(अध्यक्ष)


सुनील-आरती पहाड़िया
(संस्थापक अध्यक्ष)


अरुण-सुमन जैन (पाटनी)
(निवर्तमान अध्यक्ष)


दिलिप-नमिता (टकसाली) जैन
(उपाध्यक्ष)


पवन-रीता पाटनी
(सचिव)


राजेन्द्र-जयश्री पाटनी
(संयुक्त सचिव)


अशोक-सुमन बिलाला
(कोषाध्यक्ष)

एडवाईजर राकेश-समता गोदिका | सुरेश-शान्ति भौंच

पदाधिकारीगण

राजेन्द्र-आशा जैन सांघी
मुख्य संयोजक व समन्वयक
राजेन्द्र-आशा जैन पाटनी
सचिव, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ
संजय-सोनू जैन डाकूड़ा
सचिव, संगठन प्रकोष्ठ
मनोज-मनीषा सोगानी
सचिव, प्रचार प्रसार
सरला-जयकुमार जैन
अध्यक्षा, महिला प्रकोष्ठ
डॉ. रेखा-अशोक जैन
अध्यक्षा, स्वास्थ्य कल्याण प्रकोष्ठ
ऋषभ-निशा जैन
सचिव, खेल कूद व सेवा प्रकोष्ठ

कार्यकारिणी सदस्य

कमल-सुमन सेठी
जयकुमार-कोशल्या टकसाली
पदमचंद-राजरानी गंगवाल (भीठडी वाले)
रमेश-बीना जैन (मोरेह)
अमित-निधि जैन
अजित-रजनी पाटनी
राजेश-शिखा जैन

एवं समस्त जैन सोश्यल ग्रुप राजधानी परिवार जयपुर

# श्री शांतिनाथ दि.जैन मंदिर 10 बी स्कीम में दस लक्षण धर्म समारोह उल्लास से मनाया



जयपुर. शाबाश इंडिया

दस लक्षण धर्म समारोह श्री शांतिनाथ दि.जैन मंदिर 10 बी स्कीम में जैन धर्मावलंबियों का 10 दिन तक चलने वाला आत्म शोधन का शाश्वत पर्व का 28 सितंबर को समापन



हुआ। मंदिर जी के अध्यक्ष निहाल चंद जैन ने बताया कि 10 बी के समस्त जैन भक्तों ने प्रातःकाल श्री जी के अभिषेक, शांतिधारा, मंडल पर दसलक्षण विधान पूजन व सामायिक इत्यादि कर अतिशय पुण्य कमाया। इसी क्रम में मंत्री जितेंद्र जैन ने अवगत कराया कि संध्या को श्रीजी की आरती के पश्चात जीवन जैन और राखी अजमेरा के संयोजकत्व में रिद्धि-सिद्धि मंत्रों व 48 दीपको से भक्तामर के पाठ तथा श्रमण संस्कृति संस्थान के पंडित जी के द्वारा शास्त्र प्रवचन हुए और अंत में प्रतिदिन धार्मिक विषयों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे कि जैन हाऊजी,इत्यादि के कार्यक्रम हुए। 30 सितंबर को क्षमावाणी पर्व बड़े धूम-धाम से मनाया जावेगा।

*मंत्री जितेंद्र जैन ने अवगत कराया कि संध्या को श्रीजी की आरती के पश्चात जीवन जैन और राखी अजमेरा के संयोजकत्व में रिद्धि-सिद्धि मंत्रों व 48 दीपको से भक्तामर के पाठ तथा श्रमण संस्कृति संस्थान के पंडित जी के द्वारा शास्त्र प्रवचन हुए।*


आत्मशुद्धि के महापर्व पर्यूषण के पुनीत अवसर पर गत वर्ष में हुए ज्ञात-अज्ञात अविनय, राग-द्वेष मनोमालिन्य के लिए क्षमा याचना



अध्यक्ष
डॉ. एम एल जैन 'मणि'
डॉ. शान्ति जैन 'मणि'

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप तीर्थंकर

कार्याध्यक्ष: सुरेश कुमार गंगवाल
सचिव: विजय चन्द कासलीवाल-पुष्पा कासलीवाल
कोषाध्यक्ष: पारस मल जैन-मंजू देवी जैन
केन्द्रीय फेडरेशन निदेशक: डॉ. मनीष जैन 'मणि'
एवं समस्त तीर्थंकर ग्रुप सदस्य परिवार



जाने में अनजाने में, मन के वचन सुनाने में
अगर टूटा हो आपका मन तो
क्षमावाणी के इस पर्व पर
दे दीजिये हमें क्षमा का दान

सुनील बख्शी पुत्र स्व. श्री बख्शी भागचन्द जी



अध्यक्ष- दिगम्बर जैन मंदिर आदिनाथ स्वामी (बख्शीजी)
मानद मंत्री-श्री महावीर दिगम्बर जैन शिक्षा परिषद जयपुर
संयुक्त सचिव- श्री दिगम्बर जैन मंदिर महासंघ, जयपुर
मानद मंत्री-दिगम्बर जैन मंदिर चाकसू का चौक एवं जग्गा की बावड़ी
ट्रस्टी- धर्मशाला बख्शी जी, रामगंज बाजार, जयपुर
ट्रस्टी-साईबाबा संस्थान, जयपुर
ट्रस्टी-वीरागोदय तीर्थ धार्मधाम, पथरिया, दमोह, म.प्र.
एक्जीक्यूटिव कौंसिल मेम्बर-जीतो जयपुर चैप्टर
कार्यकारिणी सदस्य-द एम्पलॉयर एसोसिएशन ऑफ राजस्थन

175, विराग बख्शी चैम्बर, बख्शी जी का चौक, रामगंज बाजार, जयपुर, मो. 9829090242





डॉ राजेन्द्र कुमार जैन
श्रीमती उर्मिला जैन

जाने में अनजाने में,
मन के वचन सुनाने में
अगर टूटा हो आपका मन
तो क्षमावाणी के इस पर्व पर
दे दीजिये हमें क्षमा का दान

डी/58, सरोज निकेतन, ज्योति मार्ग, बापू नगर, जयपुर- 9829123527

# दशलक्षण पर्व के उपवास करने वाले त्यागी-व्रतियों का हुआ सामूहिक पारणा






## सम्मान में निकली बैंड-बाजों के साथ शोभायात्रा

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

अनंत चतुर्दशी के साथ ही जैन धर्म के सबसे बड़े पर्व दशलक्षण पर्व का समापन गुरुवार को हो गया था। इस अवसर शुक्रवार को राजधानी जयपुर के साथ - साथ पूरे देशभर में दसलक्षण पर्व के उपवास करने वाले सभी त्यागी-व्रतियों के तप और त्याग की अनुमोदना विराजमान सभी दिगम्बर जैन संतो और आर्यिका माताजी के सानिध्य में की गई। इसी कड़ी में प्रताप नगर स्थित सेक्टर 8 शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर के आचार्य सौरभ सागर महाराज के सानिध्य में पिछले 10 दिनों से चल रहा दसलक्षण पर्व विधान पूजन का विसर्जन विश्व शांति महायज्ञ के साथ संपन्न किया गया। एक दर्जन से अधिक त्यागी - व्रतियों का सम्मान, सामूहिक पारणा करवाया गया। शुक्रवार को प्रातः 6.15 बजे आचार्य श्री के सानिध्य में श्रीजी का कालशाभिषेक प्रारंभ हुआ और शांतिधारा कर नित्य - नियम पूजन संपन्न की गई, इसके उपरांत दसलक्षण पर्व के उपवास करने वाले सभी त्यागी - व्रतियों के नियम पूर्वक विसर्जन करवाया गया और सम्मान समारोह आयोजित किया गया, इस दौरान वषायोग समिति, समाज समिति, महिला मंडल, युवा मंडल, बहु मंडल इत्यादि समितियों के पदाधिकारियों, समाज श्रेष्ठियों ने सभी त्यागी - व्रतियों के केसर तिलक लगा, मोतियों की माला पहना और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया साथ सभी त्यागी - व्रतियों के सम्मान में बैंड - बाजों और जयकारों के साथ भव्य नगर शोभायात्रा का आयोजन किया गया जिसमें त्यागी - व्रतियों को बग्घियों में बिठाया गया और नगर यात्रा निकाली गई। जिसमें सबसे आगे प्रथम बग्घी पर श्रीजी को विराजमान करवाया गया और दूसरी बग्घी में आचार्य श्री के घृस्थ अवस्था के पिताजी श्रीपाल जैन और माताजी व परिवाजन को बैठाया गया। अखिल भारतीय दिगंबर जैन युवा एकता संघ अध्यक्ष अभिषेक जैन बिट्टू ने बताया कि शुक्रवार को दशलक्षण पर्व के उपवास करने वाले सर्वेश जैन, नवीन जैन, श्रीमती शशि प्रभा जैन, श्रीमती आशिका जैन (दिल्ली) सहित कुल 12 से अधिक श्रद्धालुओं ने दशलक्षण उपवास किए थे, एक श्रावक ने 7 दिन के उपवास, 1 श्रावक ने 5 दिन के उपवास और 3 श्रावकों ने झर का तेला उपवास कर अपने त्याग और तप का परिचय देते हुए निर्जल उपवास सम्पन्न किये। अजमेर रोड़ स्थित जयसिंहपुरा के निवासी सर्वेश जैन पिछले 10 वर्षो से दसलक्षण पर्व के उपवास कर रहे है, वर्ष 2014 में आर्यिका गौरवमति माताजी के सानिध्य में वरुण पथ, मानसरोवर से उपवास प्रारंभ किए थे, जिसके बाद लगातार 10 सालों तक उन्होंने दसलक्षण पर्व के 10 उपवास हर वर्ष संपन्न किए। आचार्य सौरभ सागर महाराज ने सभी त्यागी - व्रतियों के सम्मान में आशीर्वचन देते हुए कहा की श्रेष्ठ श्रावक दशलक्षण पर्व की महिमा को अपनाकर ना केवल दशलक्षण पर्व के उपवास करते है बल्कि धर्म की ध्वज पताका को भी लहराते है, यह ऐसे श्रावक है जिनके त्याग, तप और साधना से धर्म सदेव अजर - अमर रहता है।






# महारानी फार्म जैन समाज ने किया त्यागी व्रतियों का सम्मान



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री दिगंबर जैन मंदिर गायत्री नगर ,महारानी फार्म , दुगार्पुरा , जयपुर मंदिर प्रबंध समिति के तत्वावधान में आयोजित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ दस लक्षण महापर्व मनाया, इसके अंतर्गत 29 सितंबर 2023 प्रातः 8:30 बजे आदिनाथ भवन में भाद्रमास दस लक्षण महापर्व में उपवास करने वालों का अभिनंदन, सम्मान कर भव्य शोभा यात्रा निकाली। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष कैलाश छावड़ा ने अवगत कराया कि दस लक्षण महापर्व ,अनंत चतुर्दशी पर सांय 6:00 बजे श्री जी के अभिषेक हुए ,इस अवसर पर श्री जी के माल प्राप्त करने का सौभाग्य अशोक विनय गंगवाल को प्राप्त हुआ ,मंदिर जी में समाज के सहयोग से रजत अखंड ज्योति का लोकार्पण अशोक -विनय गंगवाल, अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन एवं 48 दिवसीय भक्तामर पाठ के संयोजक अनीता बड़जात्या के कर कमल द्वारा हुआ। धर्म सभा को संचालित करते हुए अरुण शाह ने मंदिर प्रबंध समिति के पदाधिकारी ,समाज के गणमान्य महानुभावों व महिलाओं द्वारा त्यागी व्रती अनिल गदिया, निर्मला गंगवाल, विमला पापड़ीवाल, प्रमिला शाह ,रेखा सोगानी ,अनीता रावंका, जय कुमार हरसोरा , राकेश पाटोदी ,समीक्षा गदिया, नमन गोधा, शोभा सेठी, मनोज बोहरा, मानक शाह, आदि का सम्मान किया।




सुरेन्द्र कुमार-मृदुला जैन पांड्या

राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन
पूर्व अध्यक्ष
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राज. रीजन
पूर्व अध्यक्ष
दिगम्बर जैन महासमिति राजस्थान अंचल
अध्यक्ष
जन समस्या समिति, महावीर नगर, जयपुर
उपाध्यक्ष
दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र बाड़ा, पदमपुरा
उपाध्यक्ष
महावीर शिक्षा समिति
डायरेक्टर (गवर्निंग बोर्ड)
सेन्ट्रल डेवलपमेन्ट ऑफ स्टोन (सरकारी उपक्रम)

आत्मशुद्धि के महापर्व पर्यूषण के पुनीत अवसर पर गत वर्ष में हुए ज्ञात-अज्ञात अविनय, राग-द्वेष मनोमालिन्य के लिए क्षमा याचना

राष्ट्रीय महामंत्री-दिगम्बर जैन महासमिति
सरंक्षक: दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति

पता: 477, एकता ब्लॉक, महावीर नगर, जयपुर (राज.)
मो.: 98290-63341



जाने में अनजाने में, मन के वचन सुनाने में
अगर टूटा हो आपका मन तो
क्षमावाणी के इस पर्व पर दे दीजिये हमें क्षमा का दान

श्री दिगंबर जैन महासमिति
महिला अंचल त्रिशला सम्भाग दुर्गापुरा



चंदा सेठी - अध्यक्ष
रेणु पांड्या - सचिव
सीमा सेठी - कोषाध्यक्ष



रानी सौगाणी - महिला प्रकोष्ठ मंत्री
संगीता काला - युवा प्रकोष्ठ मंत्री
सुनीता पांड्या - मनोनीत सदस्य
सीमा बाकलीवाल - मनोनीत सदस्य



आत्मशुद्धि के महापर्व पर्यूषण के पुनीत अवसर पर गत वर्ष में हुए ज्ञात-अज्ञात अविनय, राग-द्वेष मनोमालिन्य के लिए क्षमा याचना



हरकचन्द -प्रेमलता जैन छाबड़ा, राजेश-रितु छाबड़ा
सरिता-राजकुमार गोधा, बबीता-कपिल कासलीवाल
प्रांजल, पारखी, सोनल, आस्था, प्रणव, अर्णव

बी-8, नेताजी सुभाष कॉलोनी, टोंक रोड़, जयपुर



दो शब्द क्षमा के जीवों को खुशहाल करते हैं
टकराव दूर होता है, खुशियां हजार देते हैं
खुश रहें खुशियां बांटे, महान उसे कहते हैं
अंतरमन से क्षमा याचना

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप नवकार



मोहनलाल गंगवाल - अध्यक्ष
नवीन सेन जैन - संस्थापक अध्यक्ष
सुरेश जैन बांदीकुई - कार्याध्यक्ष
गिरीश कुमार जैन - सचिव
कैलाश सेठी - कोषाध्यक्ष

संरक्षक
सतीश कुमार बाकलीवाल, निहालचंद सोगानी, विजय कुमार दीवान, प्रो. आई.पी.जैन, डॉ. सुनील कुमार जैन सुभाष सेठी

पूर्व अध्यक्ष
महावीर बाकलीवाल

मुख्य परामर्शक
चन्द्र कांता छाबड़ा

सलाहकार
कुन्दन मल जैन सोनी, डॉ. के. के. कासलीवाल महावीर कुमार गोदिका

मुख्य समन्वयक
शशी सेन जैन

संगठन मंत्री
सुरेश कुमार बज, नरेन्द्र कुमार जैन, वीरेन्द्र कुमार जैन

सह कोषाध्यक्ष
अजीत कुमार जैन

वरिष्ठ उपाध्यक्ष
राजेन्द्र बाकलीवाल (बस्सी वाले)

उपाध्यक्ष
धर्म चन्द जैन (निवाई वाले), अरुण कुमार जैन, नरेंद्र कुमार पाटनी

एवं समस्त दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप नवकार परिवार

# सांसद बोहरा ने किया दशहरा महोत्सव के पोस्टर का विमोचन

## विद्याधर नगर में 9 से 25 अक्टूबर तक होगा आयोजन। बॉलीवुड स्टार्स के साथ होगी भव्य डांडिया नाइट। 15 से 17 अक्टूबर तक रामकथा सुनाएंगे डॉ. कुमार विश्वास

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



विद्याधर नगर स्टेडियम आयोजन समिति के तत्वावधान में 9 से 25 अक्टूबर तक दशहरा महोत्सव 2023 का आयोजन किया जाएगा। शुक्रवार को जयपुर (शहर) सांसद और भाजपा नेता रामचरण बोहरा ने इस विशाल महोत्सव के पोस्टर का विमोचन किया। इस मौके पर समिति के पदाधिकारियों ने बोहरा को महोत्सव में शामिल होने को भी आमंत्रित किया। समिति के सचिव अनिल संत,सुधीर जैन गोधा, राजेंद्र कासलीवाल, दीपक गर्ग, गब्बर कटारा, एमएल सोनी, दीपक गोधा और टिंकु राठौड़ इस अवसर पर उपस्थित रहे। बॉलीवुड स्टार्स के साथ होगी म्यूजिकल डांडिया नाइट्स 18 से 23 अक्टूबर तक बॉलीवुड स्टार्स के साथ भव्य म्यूजिकल डांडिया नाइट्स का आयोजन होगा। इस श्रंखला में 18 को गिप्सी सेंड ड्यूंस ग्रुप, 19 को हीना पांचाल और 20 अक्टूबर को गुल सक्सैना, आलोक कटघरे, गुंजन रस्तोगी और विनीत रघुवंशी के गीतों के साथ प्रतिभागी डांडिया रास करेंगे। इसी प्रकार 21 अक्टूबर को लक्की अली और हीना सैन, 22 को सारिका सिंह और 23 को डीजे अकीरा के गीतों के साथ प्रतिभागी डांडिया कर सकेंगे। डांडिया को लेकर लोगों का उत्साह चरम पर: भव्य म्यूजिकल डांडिया नाइट्स को लेकर लोगों में उत्साह चरम पर है। डांडिया महोत्सव में गरबा गीतों की सरगम के साथ रिमिक्स गीतों पर थिरकने के लिए हर कोई तैयारियों में जुटा है ताकि वह सबसे हटकर थिरके और आकर्षण का केंद्र बने। इसके लिए रावणा राजपूत भवन, विद्याधर नगर और गोयल मैरिज गार्डन मुरलीपुरा में डांडिया रास में भाग लेने वाले प्रतिभागी उत्साह के साथ प्रैक्टिस कर रहे हैं। ढोलिड़ा, पंखिड़ा ओ पंखिड़ा, और चांद आया है जमीं पर जैसे रिमिक्स गीतों पर प्रतिभागी जमकर थिरकते हुए प्रैक्टिस कर रहे हैं। कवि कुमार विश्वास सुनाएंगे रामकथा: 15 से 17 अक्टूबर तक विश्वविख्यात रामकथा मर्मज्ञ डॉ. कुमार विश्वास अपने-अपने राम के माध्यम से श्रोताओं को रामकथा सुनाएंगे। भव्य आतिशबाजी के साथ होगा रावण दहन: 24 अक्टूबर को भव्य आतिशबाजी और लाइव बैंड की प्रस्तुतियों के साथ प्रदेश के सबसे बड़े रावण का दहन किया जाएगा। दशहरा महोत्सव के दौरान खाने-पीने और खरीदारी की स्टालें महोत्सव स्थल पर लगेगी वहीं आगंतुकों के लिए झूले, गेम खेलने और मस्ती की पूरी सुविधा मेला ग्राउंड पर रहेगी।




# तीन सेक्टर, शांतिनाथ दिगम्बर जैन मालवीय नगर में धार्मिक हाऊजी का आयोजन



जयपुर. शाबाश इंडिया। दिगम्बर जैन महासमिति, मालवीय नगर संभाग द्वारा तीन सेक्टर, शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर के सुधासागर सभागार में ज्ञानवर्धक, मनोरंजक एवं भक्ति से भरपूर संगीतमय हाउजी खिलाई गयी जिसमे श्रोता मंत्रमुग्ध हो कर झूम उठे और श्री जी के समक्ष खूब भक्ति की। मालवीय नगर संभाग के अध्यक्ष अजीत बड़जात्या ने बताया कि कार्यक्रम एक सेक्टर इकाई द्वारा तैयार किया गया जिसका बहुत ही खूबसूरत संयोजन धार्मिक मंत्री रंजना बोहरा और मंत्री एक सेक्टर इकाई रेखा कासलीवाल द्वारा किया गया । सभी विजेताओं को पारितोषिक वितरण महावीर सेठी-प्रेम सेठी द्वारा दिए गए। अंत मे कोषाध्यक्ष अरुण काला द्वारा सबका आभार प्रदर्शित किया गया।


















जाने-अनजाने में हम से कोई भूल हुई या हमने आपका दिल दुखाया हो तो मन, वचन, काया से "उत्तम क्षमा" समभाव रखते हुए "पर्युषण" महापर्व पर हम आपसे मन, वचन, काया से "क्षमा याचना" करते हैं।



पदम चन्द जैन (बिलाला) - पुष्पा देवी बिलाला

CA पारस बिलाला-दीपिका जैन

Er. पहुप बिलाला-रूचिका जैन

आदिश्री, आदिश, आदित, आदिवा

निवासः 21, शिवा कॉलोनी, इमली फाटक, जयपुर-15

मो. 9314524888, 9314024888

फर्म

**जैन पारस बिलाला एण्ड कम्पनी (CA)**

कार्यालय :

50-क-2, ज्योति नगर, जयपुर- 05

-: शाखाएें :-

मुम्बई * नोएड़ा * कोटा * उदयपुर

---

दो शब्द क्षमा के जीवों को खुशहाल करते हैं
टकराव दूर होता है, खुशिया हजार देते हैं
खुश रहें खुशियां बांटे, महान उसे कहते हैं
अंतरमन से क्षमा याचना



**ज्ञानचन्द**

कमला देवी झांझरी

पंकज-प्रीति झांझरी

बी-101, युनिवर्सिटी मार्ग, बापू नगर, जयपुर मो. 9829013094

---



दो शब्द क्षमा के जीवों को खुशहाल करते हैं
टकराव दूर होता है, खुशियां हजार देते हैं
खुश रहें खुशियां बांटे, महान उसे कहते हैं
अंतरमन से क्षमा याचना

**नरेश कासलीवाल**

प्रचार प्रभारी

त्रिवेणी नगर दिगम्बर जैन समिति

नीना कासलीवाल,

प्रियांक कासलीवाल

18 -ए विश्वेशरिया नगर त्रिवेणी रोड @ 9462191401

---

आत्मशुद्धि के महापर्व पर्यूषण के पुनीत अवसर पर गत वर्ष में हुए ज्ञात-अज्ञात अविनय, राग-द्वेष मनोमालिन्य के लिए क्षमा याचना

**पूर्णिमा हैण्डीक्राफ्ट्स**

शोरूम : डी-57, प्रथम मंजिल एम.जी.डी. मार्केट, त्रिपोलिया बाजार, जयपुर फोन : 2311266

फैक्ट्री : एफ-118-120, गारमेंट जोन, सीतापुरा इण्डिस्ट्रियल एरिया, जयपुर

info@poornimahandicrafts.com

---



दो शब्द क्षमा के जीवों को खुशहाल करते हैं
टकराव दूर होता है, खुशियां हजार देते हैं
खुश रहें खुशियां बांटे, महान उसे कहते हैं
अंतरमन से क्षमा याचना

**रोट./लॉयन पीयूष**

**मोनाली सोनी जैन,**

मास्टर भव्य सोनी

लॉयनस क्लब इंटरनेशनल रीजन कॉर्डिनेटर
-क्लाइमेट ऐक्शन डिस्ट्रिक 3233 ई-1
सीनियर वाइस प्रेसिडेंट रोटरी क्लब जयपुर नॉर्थ
पूर्व महामंत्री: जयपुर शहर कांग्रेस कमेटी
पूर्व अध्यक्ष: जैन सोशल ग्रुप पर्ल

निवास-वैशाली नगर, जयपुर मो. 9351880001

---

दो शब्द क्षमा के जीवों को खुशहाल करते हैं
टकराव दूर होता है, खुशियां हजार देते हैं
खुश रहें खुशियां बांटे, महान उसे कहते हैं
अंतरमन से क्षमा याचना



**रमेश चंद्र-सुमति देवी**

**यश कमल-संगीता**

**विभोर-आयुशी अजमेरा**

# महावीर नगर जैन समाज की वार्षिक आम सभा का आयोजन किया

## त्यागी व्रतियों का किया सम्मान

**जयपुर. शाबाश इंडिया**





श्री दिगंबर जैन मंदिर महावीर नगर ,टोंक रोड मंदिर प्रबंध कार्यकारणी समिति के तत्वावधान में आयोजित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ दस लक्षण महापर्व मनाया, इसके अंतर्गत जैन भवन में भाद्रमास, दस लक्षण महापर्व में उपवास करने वालों का अभिनंदन, सम्मान किया गया। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष अनिल जैन (पूर्व आई.पी.एस) ने बताया कि दस लक्षण महापर्व ,अनंत चतुर्दशी पर सांय 6:00 बजे श्री जी के अभिषेक हुए ,इस अवसर पर श्री जी के माल प्राप्त करने का सौभाग्य राजेंद्र ठोलिया परिवार को प्राप्त हुआ। धर्म सभा को संबोधित करते ही मंदिर जी की वार्षिक आम सभा में विधान संसोधन को सर्व सम्मति से उपस्थित सदस्यो ने पास किया मंत्री सुनील बज ने मंदिर जी का वार्षिक प्रतिवेदन पढ़ा। मंदिर प्रबंध समिति के मंत्री सुनील बज ने मंदिर प्रबंध कार्यकारणी समिति की और से महिला मंडल और नवयुवक मंडल का दस लक्षण महापर्व में कार्यक्रम प्रस्तुत करने पर आभार व्यक्त किया। जैन भवन परिसर में चल रहे भगवान महावीर चिकित्सालय के प्रभारी नीरज गंगवाल का जैन रत्न उपाधि से सम्मनित होने पर मंदिर प्रबंध कार्यकारणी समिति और महावीर नगर जैन समाज की और बधाई दी गयी ।

# त्रिवेणी नगर में दसलक्षण व तेला-वृतियों का स्वागत व सम्मान किया





जयपुर ।श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, त्रिवेणी नगर में दशलक्षण महापर्व भक्तिभाव से मनाया गया। मंदिर समिति के मंत्री रजनीश अजमेरा ने बताया कि शुक्रवार को प्रातः मंदिर जी में दो दसलक्षण के उपवास करने वाली श्रीमती मोना कासलीवाल व विनोद लोहिया तथा आठ तेला-वृतियों भरत, पूजा, साक्षी, तिलक कासलीवाल, रेनू पाटनी, शुभम बोली वाले, सपना छाबड़ा, गुंजन दही वाले व कथन अनोपड़ा द्वारा जर का तेले के उपवास किए जाने पर मंदिर समिति, महिला मंडल द्वारा तिलक, शाल व माला पहनाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात मंदिरजी से जुलूस के रूप में त्रिवेणी शॉपिंग सेंटर होते हुए जैन संत भवन में लाया गया जहां उनका पारणा करवाया गया ।इस मौके पर समाज व परिवार के लोग भी उपस्थित थे ।नरेश कासलीवाल ने बताया कि शनिवार को पढवा ढोक पर शाम 6.15 बजे कलशाभिषेक होंगे ।**संकलन : नरेश कासलीवाल**

# सापोन मे पर्वराज दस लक्षण महापर्व पर की विशेष पूजा अर्चना

**टीकमगढ़. शाबाश इंडिया।** निकट श्री दिगंबर जैन मंदिर सापोन मे इस बार पर्वराज पर्युषण महापर्व बड़े ही श्रद्धा भाव से मनाये गये ।प्रतिदिन नित्य नियम सामूहिक अभिषेक, शांतिधारा,विधान सहित अनेको धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये गये ।शांतिधारा करने का सौभाग्य स्वरूप चंद्र , शील चंद्र , सुरेश अजित 4 को प्राप्त हुआ। तद्पश्चात जैन धर्म के प्रथम बाल ब्रह्मचारी 12वे तीर्थंकर 1008 वासुपूज्य भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। वीरेन्द्र द्वारा उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शील की रक्षा के लिए 9 बाडो का पालन करना चाहिए तथा अपना ब्रह्म स्वरूप अंतरंग में देखना चाहिए ।तथा उनकी वृद्धि की भावना नित्य भानी चाहिए,क्योंकि इससे ही मनुष्य भाव सफल होगा ।धर्मात्मा जयकुमार देवियों द्वारा डिगाने के पयत्न करने पर भी ब्रह्मचर्य से विचलित नहीं हुए,रावण द्वारा अनेक प्रकार के प्रलोभन दिए जाने पर भी भगवती सीता अपने ब्रह्मचारी में अविचल रही। आत्मा का भाव ही अपना भाव है शरीर के प्रति भाव संसार का भाव है। जो अपनी आत्मा में रमण करता है वही ब्रह्मचर्य के सुख की छाया प्राप्त करता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरेंद्र जैन, अनुज प्रकाश जैन, शशांक सिंघई, गौरव जैन, नीरज जैन, अनिल जैन अन्नू का विशेष सराहनीय सहयोग रहा।



# श्रीमती मोना कासलीवाल के दसलक्षण व्रत के दस उपवास संपन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** त्रिवेणी नगर निवासी श्रीमती मोना कासलीवाल धर्मपत्नी महावीर कासलीवाल के तप की अनुमोदना करते हुए आप आपने अपने जीवन में तीसरी बार दसलक्षण महाव्रत उपवास करके पुण्य अर्जन किया है।प्रथम 2013 में सुगनमती माताजी ,2018 में गौरवमती माताजी और 2023 में मीरा मार्ग विराजित मुनि महराजो के सानिध्य में अपने दसलक्षण उपवास किये। इनके परिवार में उनके सुपुत्र भरत कासलीवाल ने भी तेला किया है पूर्व में भी इनके दोनों सुपुत्र गौरव व मयूर ने भी तेला किया था । गौरव की धर्म पत्नि साक्षी कासलीवाल ने भी तेला किया हैं ।इनके परिवार में इनके देवर मनीष कासलीवाल की धर्म पत्नि पूजा, पुत्र तिलक कासलीवाल ने भी तेला किया है ।श्रीमती मोना कासलीवाल काफी समय से शक्कर का सेवन नहीं कर रही है और आप बहुत ही धर्मात्मा हैं ।

# मुनि शुद्ध सागर महाराज के महापारणा महोत्सव में उमड़ा जनसैलाब

**विमल जोला. शाबाश इंडिया**

निवाई। सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान मे शुक्रवार को बंपुई वालों की धर्मशाला स्थित चंद्र प्रभु जैन मंदिर पर जैन मुनि शुद्ध सागर महाराज का महापारणा महोत्सव धूमधाम से किया गया



जिसमें श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला ने बताया कि अहिंसा सर्किल के पास चंद्र प्रभु मंदिर परिसर में चातुर्मास कर रहे जैन मुनि शुद्ध सागर महाराज ने दशलक्षण जी के दस उपवास करने पर समाज द्वारा महापारणा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया जिसमें मुनि शुद्ध सागर महाराज को क्षुल्लक महाराज ने एवं त्यागी व्रती एवं श्रावक श्राविकाओं ने नियमानुसार निराहार पारणा करवाया गया। जौंला ने बताया कि पारणा महोत्सव में 10 दिन के उपवास करने वालों में श्रावक पुनित संधी एवं अनेक त्यागी व्रती लोग मौजूद थे।




दि. जैन मंदिर भधी चंद जी
दूसरा चौराहा, घी वालो का रास्ता, जौहरी बाजार, जयपुर

मंदिर की कार्यकारीनी कमेटी आप सभी को आमंत्रित करती है
एक अद्भुद अनोखे हेरीटेज प्रेग्राम में
जिसमे श्री जी को हाथी पर विराजमान करके मंदिर जी की परिक्रमा लगायी जायेगी । आप हम सब नाचते - गाते श्री जी की अगवानी करेगे ।
साथ मे मधुर गीत - संगीत से समा बांधेंगे श्रीमान् अशोक जी , सुनील जी पाड्यां व श्री अरुण जी कोड़ीवाल एण्ड पार्टी

कार्यक्रम

3:30 PM • 30 SEPTEMBER 2023

स्थान: दि. जैन मंदिर भधी चंद जी.
घी वालो का रास्ता, जयपुर

आप सभी बन्धुओं का हार्दिक स्वागत है ।
आइये इस आयोजन में सपरिवार, पधारकर पुण्यार्जन करो । साथ ही अपनी पुरानी विरासतो के दर्शन कर उन्हे सम्हालने में सहयोगी बने
🙏🙏🙏


# ताजगंज में निकाली श्रीजी की रथयात्रा, श्रीजी का किया अभिषेक



**आगरा. शाबाश इंडिया।** सकल जैन समाज ताजगंज के तत्वावधान में आगरा के ताजगंज स्थित श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर छोटा बाजार में दशलक्षण महापर्व के समापन पर वार्षिक रथयात्रा महोत्सव बडे.ही धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने नगर में विशाल रथयात्रा निकाली गई दोपहरः 2:00 बजे श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन पंचायती मंदिर ताजगंज से रथयात्रा का शुभारंभ हुआ। रथ में भगवान पार्श्वनाथ की प्रतिमाओं को बैठाकर श्रद्धालु कसेरट बाजार,कटरा जागीदास,चौक कागजियान,धीआई मंडी,गुड़हई मंडी,दलिहाई,नंदा बाजार चौराहा,वैघ गली,तांगा स्टैंड,चौक थाना होती हुई श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर के पंडाल में पहुंची। रथयात्रा में बड़ी संख्या में सकल जैन समाज के महिला,पुरुष,बच्चों के अलावा अन्य समाज के लोग भी शामिल थे। वहीं रथ यात्रा का जगह- जगह लोगों ने पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत किया थो रथयात्रा के बाद श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर संगीतमय श्रीजी की पूजा-अर्चना करते हुए कलशाभिषेक की मांगलिक क्रियाएं संपन्न कीं इस दौरान ताजगंज जैन समाज के लोगों ने स्नेह मिलन भोज किया।इस अवसर पर मंदिर अध्यक्ष संजय जैन एडवोकेट मंत्री संजय जैन विजय जैन,योगेश जैन,पारस जैन,मधुर जैन,उत्सव जैन, विनय जैन,विशाल जैन,मीरा जैना,रितु जैन,सपना जैन,अनुराधा जैन,समस्त सकल जैन समाज ताजगंज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे

**रिपोर्ट : मीडिया प्रभारी शुभम जैन**

# श्याम कीर्तन का हुआ आयोजन, कीर्तन में झूमे श्रद्धालु



**लक्ष्मणगढ़ ,सीकर. शाबाश इंडिया।** स्थानीय तोदी कॉलेज रोड़ स्थित सुरेका निवास में गुरुवार को अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर विराट भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय भजन कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। सांवरिया थारा नाम हजार कैसे लिखूं कुकूपत्री.......आयो साँवरियो सरकार... लीले पे चढ़ के जैसे भजनों पर श्रोता झूम उठे। इस अवसर पर सुभाष सूरेका, पिंटू सूरेका, अनिता सुरेका, भूमिका सुरेका, संतरा देवी, बेटा पढ़ाओ-संस्कार सिखाओ अभियान के संयोजक कवि, पत्रकार हरीश शर्मा, अभियान के कोषाध्यक्ष अनमोल सुरेका, अंकित खाटूवाला, ताराचंद चेजारा, नवल पाराशर, योगेश शर्मा, सुभाष जांगिड़, गणेश जोशी, अमित सोनी, मोतीलाल जोशी, विकास भंडारी, उपासना सुरेका, पायल सुरेका, पीयूष पंसारी, अंजू पंसारी, जानवी सुरेका, तनिष सुरेका, नवीन चेजारा, तेजस्वी चेजारा, नेहा चेजारा सहित भक्तजन उपस्थित थें।

# रोटरी क्लब जयपुर द्वारा आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में 521 यूनिट रक्त एकत्रित

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

रोटरी क्लब जयपुर के द्वारा एक विशाल रक्तदान शिविर पूर्णिमा यूनिवर्सिटी जगतपुरा परिसर में 29 सितंबर 2023 को आयोजित किया गया। इस रक्तदान शिविर में 521 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। अध्यक्ष रोटे उजास चंद जैन ने सहयोगी संस्था यंग इंडियन जयपुर चैप्टर एवं जैन सोशल ग्रुप मिडटाउन,सभी ब्लड बैंक, के पदाधिकारी,पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के श्री राकेश गुप्ता, स्टाफ एवं बच्चों के रक्तदान में सहयोग करने पर धन्यवाद देते हुए कहा कि यह एक महत्वपूर्ण और निःस्वार्थ कार्य होता है, जिससे जीवनों को बचाया जा सकता है। आपका यह कदम दूसरों के लिए मदद करने के लिए महत्वपूर्ण है। सचिव रोटे पीयूष जैन ने रक्तदाताओं द्वारा दिए गए रक्तदान की सराहना करते हुए कहा कि रोटरी क्लब जयपुर परिवार आपकी मानवता और उदार भावनाओं के लिए आपका आभार व्यक्त करता है। रक्तदान शिविर में निदेशक रोटे नवीन कोठारी, कैंप चेयरमैन रोटे सुभाष हिम्मतरामका ,ब्लड डोनेशन कमेटी चेयरमैन अध्यक्ष नॉमिनी रोटे सी ए दुर्गेश पुरोहित, आईपीपी रोटे एस के टाक, सहसचिव रोटे श्रीकिशन शर्मा, उपाध्यक्ष रोटे महेंद्र शर्मा, रोटे रवीश चंद्र अग्रवाल, रोटे मनोज बेद, डायरेक्टर रोटे




शिल्पा बेंद्रे, डायरेक्टर पी पी रोटे हरेश पाटनी, रोटे के एल रायसिंघानी, डायरेक्टर रोटे बजरंग शर्मा, रोटे पल्लवी सिंघवी, रोटे प्रमिला जैन, रोटे अनीता शर्मा ,रोटे वंदना पाटनी ,रोटे पायल जैन, रोटे सुरेश कुमार पाटनी, रोटरी स्टाफ एवं अन्य ने भरपूर सहयोग दिया। रक्तदान वाकई महादान होता है, क्योंकि यह जीवन बचाने में मदद कर सकता है। रोटरी क्लब जयपुर के द्वारा सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र एवं रोटरी मोमेंटो भेंट किया गया।

## चित्रकूट कॉलोनी मंदिर में चांदी की पालकी पर श्री जी की शोभायात्रा निकाली



जयपुर। सांगानेर चित्रकूट में दशलक्षन पर्व विधान के अंतिम दिन भगवान मुनिसुव्रत नाथ खडगासन प्रतिमा की शांतिधारा करने का पुण्यार्जन दीपक जैन पहाड़िया समस्त पहाड़िया परिवार को मिला। मंदिर के अध्यक्ष मंत्री कमेटी ने शांतिधारा पुण्यार्जक पहाड़िया परिवार का स्वागत किया। महोत्सव के समापन पर अंतिम दिन श्रीजी की चांदी की पालकी से विशाल शोभायात्रा निकाली गई शोभायात्रा में मंदिर कमेटी के अध्यक्ष केवलचन्द जैन ,मंत्री अनिल जैन बोहरा, मीडिया प्रभारी दीपक जैन पहाड़िया ने बताया कि श्रीजी की प्रथम बार नवीन चांदी की पालकी से भव्य शोभायात्रा निकाली गई है ।शोभायात्रा में बड़ी तादात में जैन समाज उपस्थित हुआ, तपस्वी व्रती भी शोभायात्रा में शामिल हुए।



## निर्झर तेला करने वालों का हुआ सम्मान - बग्गी में गाजे बाजे के साथ निकाला जुलूस



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मंदिर में शुक्रवार को निर्झर तेला करने वालों ने भगवान नेमिनाथ तथा आर्यिका विशेष मति माताजी से तेला व्रत सानन्द संपन्न होने पर आशीर्वाद प्राप्त कर पारना किया ।इसके पहले सभी का मन्दिर प्रबंध समिति तथा समाज



ने तेला करने वाले गार्गी , रचित , प्रिया, रिकी , नितिन, कुसुम, प्रमोद , रिसी व ज्योति का माला पहना कर सम्मान किया । मन्दिर जी से बग्गी व गाजे बाजे के साथ जुलूस निकाला गया । दिन में रत्न त्रय तेला करने वाली मनीषा काला की विनतियाँ आयोजित हुई तथा शाम को भक्ति संध्या में जिनवर की गीत व नृत्य द्वारा समाज के सदस्यों द्वारा दस लक्षण महोत्सव सानन्द संपन्न होने पर भक्ति की गई ।